आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- आज अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में सत्ताईस से इक्तीस दिसम्बर तक 'द्वीप पर्यटन उत्सव' का आयोजन किया जाएगा।
- 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत कल राज निवास में नागालैंड और असम का स्थापना दिवस मनाया गया।
- राज्य पुस्तकालय की कार्य अवधि में संशोधन किया गया है।

<><><><><><><>

आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि यह दिवस दिव्यांग व्यक्तियों की क्षमताओं और संभावनाओं को उजागर करने, उनके अधिकारों को बढ़ावा देने और समाज में उनके समावेश को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष का विषय "समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना" है। उन्होंने कहा कि यह दिन इस बात को मान्यता देता है कि दिव्यांग व्यक्ति शक्तिशाली परिवर्तन–निर्माता और शांति–निर्माता हैं। इसका उद्देश्य समाज और विकास के सभी पहलुओं में उनके अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देना है। उप राज्यपाल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर हम दिव्यांग व्यक्तियों के साथ मिलकर काम करें, उन्हें सहयोग दें और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप सभी लोगों के लिए समावेशी और टिकाऊ भविष्य की दिशा में प्रयास करें।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में इस वर्ष सत्ताईस से इक्तीस दिसम्बर तक पर्यटन विभाग द्वारा संबंधित विभागों के सहयोग से 'द्वीप पर्यटन उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव में द्वीपवासियों और पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आईटीएफ ग्राउंड सहित तेरह स्थानों पर मुख्य भूमि के साथ–साथ द्वीपों के कलाकार भी प्रदर्शन करेंगे। दिए गए स्थान जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उनमें आईटीएफ ग्राउंड, वंडूर, विम्बर्लीगंज, शहीद द्वीप, स्वराज द्वीप, बाराटांग, रंगत, मायाबंदर, डिगलीपुर, कैंपबेल बे, नानकॉरी, निकोबार और लिटिल अंडमान शामिल हैं। पर्यटन उत्सव के एक भाग के रूप में, निकोबार जिले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है जिसमें कार निकोबार, कैंपबेल बे और नानकॉरी शामिल हैं। निकोबार जिले में पर्यटन उत्सव के संबंध में आवश्यक व्यवस्था करने के लिए

निकोबार जिला उपायुक्त को नियुक्त किया गया है। उत्सव के दौरान, 'हेल्दी बेबी शो', 'फ्लावर शो', 'डॉग शो' और रंगोली प्रतियोगिता जैसे सभी लोकप्रिय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आईटीएफ का मुख्य आकर्षण, 'हास्य कवि सम्मेलन' राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। आईटीएफ ग्राउंड में बच्चों के लिए मजेदार खेल भी उपलब्ध होंगे। प्रशासन के विभिन्न विभाग भी पर्यटन उत्सव में भाग लेंगे और अपने स्टॉल के माध्यम से द्वीप समूह में हो रही विकास गतिविधियों को दर्शाएंगे।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के तहत प्रातरापुर ग्राम पंचायत के विकास के लिए स्वयं सहायता समूह के महिलाओं और बच्चों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला प्रशिक्षण पच्चीस नवंबर को ग्राम पंचायत कालीकट के सामुदायिक हॉल में 'बाल सभा के माध्यम से बच्चों की जरूरतों को संबोधित करना' विषय पर आयोजित किया गया।

दूसरा प्रशिक्षण छब्बीस नवंबर को प्रातरापुर के पंचायत समिति कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया, जो ग्रामीण महिलाओं को पंचायत विकास में भाग लेने के लिए सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत गठित अपने स्वयं सहायता समूहों और ग्राम स्तरीय संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्लॉक स्तरीय संघ के सदस्यों ने सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

<><><><><><><>

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत कल राज निवास में नागालैंड और असम का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नागालैंड और असम के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान, एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया। नागालैंड और असम पर एक लघु वृत्तचित्र दिखाया गया। समारोह में आमंत्रित लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल और उन्हें संवाद के अवसर और मंच प्रदान करने के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार और राज निवास का धन्यवाद दिया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने मायाबंदर मुख्य कार्यालय के सहायक आयुक्त आशीष जून और ज़िला परिषद अन्य सदस्यों और अधिकारियों के साथ लांग आइलैंड का दौरा कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने ज़िला परिषद द्वारा चलाए जा रहे आगामी परियोजनाओं

की समीक्षा की। उन्होंने ज़िला परिषद हॉल, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ठोस अपशिष्ट उपचार केन्द्र और हेलीपैड का ज़ायज़ा लिया। दल ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। क्षेत्र के प्रधान के अनुरोध पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्थानीय निवासियों के लाभ के लिए एक चेक डैम के निर्माण का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

राज्य पुस्तकालय की कार्य अवधि में संशोधन किया गया है। अब पुस्तकालय दिन में बारह बजे से रात्रि साढ़े आठ बजे तक खुला रहेगा। भोजनावकाश दिन में डेढ़ बजे से दो बजे तक रहेगा। सोमवार, सार्वजनिक अवकाश और दूसरे शनिवार को छोड़कर अन्य सभी कार्य दिवसों में विद्यार्थी, आम जनता और सरकारी कर्मचारी इसका लाभ उठा सकते हैं। यह संशोधन आज से लागू होगा।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग द्वारा हाल ही में मोटर वाहन अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का मोटर वाहन चालकों द्वारा पालन सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया गया। परिवहन निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल के नेतृत्व में दल ने वाहनों की जांच की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम का सही तरीके से पालन करने के लिए जागरूक करना था। इस अभियान के दौरान वाहन चालकों को अधिनियम का उल्लंघन करते पाया गया, जिनमें बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट और बिना किराया मीटर के वाहन चलाना शामिल है। अभियान के तहत वाहन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम का पालन करने की सलाह दी गई है। कानून का पालन न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर क्यारी में कृषि शिक्षा दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में कृषि के प्रति रूचि पैदा करना और इस क्षेत्र में रोज़गार के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><><>

तटरक्षक की ओर से चिंते लांग रेंज में छः दिसम्बर और बफल रेंज में अट्ठारह दिसम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। सभी संबंधितों से अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अटल पेंशन योजना के तहत द्वीपों में अब तक तेरह हजार से अधिक व्यक्तियों के नामांकन किए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। पांच दिवसीय पर्यटन उत्सव के दौरान कियोस्क के आबंटन के लिए इच्छुक उद्यमियों, विक्रेताओं, फर्मों से आवेदन आमंत्रित करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। टीबी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया और अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने सचित्र प्रकाशित किया है। सांसद के अनुरोध पर द्वीपों में पचास मेगावाट एलएनजी विद्युत परियोजना के शुरू होने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल और इको ऑफ इंडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>